नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 368/2021
Dt-7-9-2021

प्रधान सचिव,
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर में जल जीवन हरियाली योजनांतर्गत झंझारपुर प्रखंड में "बड़की तालाब" एवं लखनौर प्रखंड में "जानो—मानो तालाब" के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर में जल जीवन हरियाली योजना के तहत झंझारपुर प्रखंड के चनौरागंज पंचायत के "बड़की तालाब" एवं लखनौर प्रखंड के कछुआ पंचायत के "जानो—मानो तालाब" का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराने के संबंध में तत्कालीन जिला पदाधिकारी, मधुबनी को पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया था।

मेरे पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा अपने कार्यालय ज्ञापांक 2634/जि॰गो॰ दिनांक 25.12.2020 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी को उपरोक्त दोनों तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराने हेतु पत्र निर्गत किया है। **(पत्र संलग्न)**

उक्त तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण के संबंध में मैंने पत्रांक 24/2021 दिनांक 7.1.2021 के माध्यम से तत्कालीन सचिव लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को प्रेषित किया है। **(पत्र संलग्न)**

अतः अनुरोध है कि जल जीवन हरियाली योजना के तहत उक्त दोनों तालाबों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराने हेतु कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
7·9·21

(नीतीश मिश्रा)
ईमेल—**mla-jjpur-bih@nic.in**

संलग्न—यथोक्त।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in